हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026



04 अफसर बनने वाली बेटी का इलाके भर में हुआ भव्य...



07 मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों के साथ...



## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद औषधालयों का किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को जिले के विभिन्न आयुर्वेद औषधालयों का राजस्व अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, ओपीडी पंजी और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया। एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने पिपलधार, नायब तहसीलदार जगन प्रसाद ने मुरारिया और आरआर अहिरवार ने मसूदपुर औषधालय का निरीक्षण किया। नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने सेऊ आयुर्वेद औषधालय में ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें छह मरीज दर्ज मिले।

### 53 समूहों को मिला एक करोड़ का ऋण

**विदिशा।** नाबार्ड, मप्र ग्रामीण बैंक और मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 53 समूहों को लगभग 1 करोड़ रुपए ऋण वितरित किया गया। जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 450 महिलाओं ने भाग लिया।

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर तीन बजे से शुरू होगी।

### शहर में नवजात बच्चों को दफनाने के लिए नहीं है कचिया मसान

# नौनिहाल का शव मिला, छह दिन में दूसरी घटना, पैर पर लिखा है माता पिता का नाम



**विदिशा।** नवजात के शव को ढंकता हुआ जवान।

*शहर में नवजात बच्चों के शव मिलना गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। सोमवार को फिर से एक नवजात का शव मिला है जिसे कुत्ते नोच रहे थे। नवजात के पैर पर माता पिता का नाम लिखा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नाना का बाग स्थित भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार को फिर एक नवजात का शव मिला है। इसी महीने के भीतर ही तीन नवजात बच्चों के शव मिल चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने तक का प्रयास नहीं कर रहा है कि आखिम बच्चों के शव कहां से आ रहे हैं और इन्हे लावारिस हालत में यहां वहां क्यों फेंका जा रहा है।

समाजसेवी आदर्श तिवारी ने बताया कि करीब छह दिन पहले भी इसी क्षेत्र के आसपास एक नवजात शिशु का शव मिला था। लगातार दूसरी बार ऐसी घटना सामने आने से लोगों में नाराजगी का माहौल बन गया है। उन्होंने आशंका जताई कि आसपास स्थित अस्पतालों के कारण संभव है कि किसी ने नवजात की मृत्यु के बाद उसे यहां फेंक दिया हो। हालांकि यह केवल आशंका है और वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नवजात के पैर पर माता-पिता का नाम भी लिखा हुआ दिखाई दिया, जिससे मामले को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि यह किसी अस्पताल या अन्य स्थान से जुड़ा मामला है तो इसकी गंभीरता से जांच होना आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

#### प्रशासन से निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाना जरूरी है।

### आज देवकीनंदन ठाकुर करेंगे धर्मसभा



**विदिशा।** अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के संदेश को लेकर आज शहर से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 :30 बजे माधवगंज पर वृंदावन के संत देवकीनंदन ठाकुर की धर्मसभा होगी। इसके बाद उनके सान्निध्य में मेहगांव तक पदयात्रा निकाली जाएगी। हिंद प्रहरी संगठन के अध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### पारिवारिक झगड़े में तालाब में कूदी महिला को जवानों ने बचाया

**विदिशा।** डायल-112 की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। डायल को सूचना मिली कि थाना त्योंदा क्षेत्र में एक महिला तालाब किनारे बैठी है और किसी अप्रिय घटना की आशंका है। सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन को तुरंत मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचने पर डायल 112 स्टाफ आरक्षक राजेंद्र मिश्रा और पायलट देवेंद्र कुशवाह को पता चला कि पारिवारिक विवाद के कारण 35 वर्षीय महिला तालाब में कूद गई है। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत महिला को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाद में महिला को समझाइश देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# रिनिया गांव में कई बीघा कलौंजी की फसल सूखी किसानों ने मांगा मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नटेरन तहसील के ग्राम रिनिया में किसानों की कलौंजी की फसल अचानक सूख जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसल खराब होने से किसानों में चिंता का माहौल है और उन्होंने प्रशासन से जल्द मुआवजे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रिनिया के किसान सुंदर कुशवाह, रघुवीर सिंह, नारायण सिंह, रामबाबू कुशवाह ने लगभग 3-3 बीघा में कलौंजी की फसल लगाई थी। सौदान सिंह कुशवाह ने भी अपने खेत में कलौंजी की खेती की थी। किसानों का कहना है एक बीघा में तीन क्विंटल तक उत्पादन होने की उम्मीद थी और इस बार भाव भी 20 से 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलने की उम्मीद है। फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक पौधे सूखने लगे। फसल खराब होने की सूचना मिलने पर कृषि वैज्ञानिकों का दल मौके पर पहुंचा और खेतों का निरीक्षण किया। किसानों का कहना है कि उन्होंने मेहनत और लागत लगाकर कलौंजी की खेती की थी, लेकिन फसल सूख जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उचित मुआवजा दिया जाए। कृषि अधिकारी केएस खपेड़िया ने बताया कि कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के वैज्ञानिकों से 7 मार्च को निरीक्षण कराया है। अभी रिपोर्ट आनी शेष है। रिपोर्ट आने के बाद किसानों को अवगत कराया जाएगा कि फसल किस कारण से सूखी।

### मॉल में दो पक्षों में मारपीट, एक दूसरे पर डंडे बरसाए

**विदिशा।** सोमवार को एक मॉल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो पक्षों के बीच अचानक विवाद हो गया। वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवक हाथों में डंडे लिए एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और जमकर लात-घूंसे चला रहे है। मॉल के अंदर अचानक हुई इस मारपीट से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी में लगी आग, बुजुर्ग घायल

**विदिशा।** भोपाल-सांची रोड पर सोमवार को श्रीतारा रिजॉर्ट के सामने ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी गिरते ही उसमें आग लग गई। हादसे में नंदवाना निवासी 68 वर्षीय स्कूटी सवार राजेंद्र माहेश्वरी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। आग की लपटें देखकर वहां मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गईं और उन्होंने स्कूटी में लगी आग को पूरी तरह बुझाया। पेट्रोल टैंक से रिसाव के कारण आग लगने की आशंका है।

### पंच कल्याणक को लेकर मंडी नीलामी में बदलाव

**विदिशा।** पंच कल्याणक महा महोत्सव के मद्देनजर मंडी की नीलामी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि 11 से 16 मार्च तक मंडी में नीलामी का समय परिवर्तित रहेगा। हाथ-ठेला एवं फुटकर नीलामी सुबह 11:30 बजे से 12 बजे तक, धान की ट्रालियों की नीलामी सुबह 11:30 बजे से नीलामी समाप्ति तक चलेगी, जबकि दलहन, तिलहन एवं गेहूं की ट्रालियों की नीलामी दोपहर 12 बजे से की जाएगी।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5680
सरसों
न्यूनतम भाव -5200
उच्चतम भाव- 6500
चना
न्यूनतम भाव -4200
उच्चतम भाव- 5415
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6860
गेंहू
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-2600
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-1625
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3415
धान
न्यूनतम भाव-1515
उच्चतम भाव-4001
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4400
धनिया
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-7400
मटर
न्यूनतम भाव-3185
उच्चतम भाव-3185

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 14475 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जयस्तंभ चौक पर एक घंटे तक लगा जाम



**गंजबासौदा।** सोमवार को विभिन्न कारणों से दिन भर जय स्तंभ चौक पर बार बार जाम लगता रहा। इस दौरान सैकड़ों दो पहिया,चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। ज्ञात हो कि जयस्तंभ चौक पर त्योंदा रोड मार्ग पर सड़क चौड़ी करने के लिए डिवाइडर हटाकर सीसीकरण का काम चल रहा है, डिवाइडर की जगह पर जेसीबी मशीन से कार्य चलने के कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। वहीं जयस्तंभ चौक पर भी पोस्ट आफिस के कॉर्नर पर निर्माण कार्य के चलते वहां से भी वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। इस बीच प्राची का स्वागत जुलूस निकलने के कारण भी यातायात दबाब बढ गया, इसके अलावा मांगलिक कार्यों की भीड भी रही और इन्हीं सब कारणों से यातायात दबाब बढने से जयस्तंभ चौक पर बार बार जाम लगता रहा। जिससे वाहन चालक और राहगीर परेशान होते रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत सोमवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए महिला के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, निःशुल्क विधिक सेवा सहायता के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देकर अवगत कराया गया। शिविर में समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, पीएलवी सुनील राजपूत, पीएलवी सौरभ कुशवाह, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. खुमेरा सिंह ठाकुर, सावली अहिरवार, शिव कुमारी रघुवंशी सहित अनेक छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

# कृषि महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जबलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग के नेतृत्व में कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों को सर्वप्रथम कृषि महाविद्यालय में चयनित किया गया उसके बाद इन छात्रों ने जबलपुर में कृषि महाविद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें छात्रा भूमिका कलेश ने ऊँची कूद एवं लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि हर्षिता यादव ने 200 मीटर में स्वर्ण पदक, छात्र रवि बेजल ने भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया, रिले रेस में हर्षिता यादव, मोहनी खंडेलवाल और जिया नागर ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही मार्च पास्ट में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृषि महाविद्यालय से टीम के साथ खेल प्रभारी एवं मैनेजर निहारिका उपाध्याय तथा सहयोगी के रूप में डॉ वीपी सिंह टीम सहित उपस्थित थे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग एवं समस्त स्टॉफ ने छात्र, छात्राओं को बधाईयां देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## स्वागत में बिछाए पलक पांवडे, प्राचार्य ने दी अपनी कुर्सी, स्कूली बच्चों ने किया सलाम

# अफसर बनने वाली बेटी का इलाके भर में हुआ भव्य स्वागत,सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






जिस स्कूल की कक्षाओं में बैठकर कभी एक साधारण छात्रा ने बड़े सपनों को आकार दिया था, सोमवार को उसी शिक्षा के मंदिर की चौखट को प्रणाम करने वही छात्रा झुकी तो एक पल के लिए लगा कि अफसर नहीं, संस्कार बड़े होते हैं। गांव की स्कूल की यह छात्रा आज सिविल सेवा में चयनित अफसर के रूप में होकर लौटी तो स्वागत में गांव वालों ने शहर वालों को भी पीछे छोड़ दिया। शहर वालों ने स्वागत में पलक पांवडे तो बिछाये ही गांव वालों ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी स्वागत और तालियों की गूंज के बीच प्राची चौहान ने सबसे पहले विद्यालय की चौखट को प्रणाम किया और गुरुजनों के सामने विनम्रता से सिर झुका दिया। उस क्षण विद्यालय का आंगन गर्व, भावनाओं और प्रेरणा से भर उठा, मानो सफलता खुद अपने संस्कारों और शिक्षा को नमन करने लौट आई हो।

यह कहानी है ग्राम जोहद के एक साधारण से किसान चंद्रेश चौहान एवं साधना चौहान की होनहार बेटी प्राची चौहान की। जिसने देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में पूरे देश भर में 260 वी रैंक हासिल की है। अब चयनित सूची और मेरिट लिस्ट की पात्रतानुसार प्राची का जल्द ही आईएएस या फिर आईपीएस बनने का सपना पूरा होगा। तीन दिन पूर्व घोषित हुए परिणामों में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने के बाद प्राची का दिल्ली से दक्षिण एक्सप्रेस से नगर आगमन हुआ। नगर में प्रथम आगमन पर नगर में उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत हुआ। स्वागत रैली नगर के प्रमुख मार्गो एवं चौक चौराहों से होते हुए जोहद के लिए रवाना हुई। मालूम हो कि देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 260 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली ग्राम जोहद निवासी प्राची चौहान के प्रथम नगर आगमन पर सोमवार को नगर में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। नगर पहुंचीं प्राची का नागरिकों ने दिल खोलकर अभिनंदन किया। रेलवे स्टेशन पर उनके पहुंचते ही उनके स्वागत में परिजन, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। यहां देवेंद्र सिंह राजपूत मन्नूजी ने प्राची को साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया। साफा बांधने की विशेष शैली के लिए मन्नूजी का नगर में अपना अलग ही रिकॉर्ड माना जाता है। इसके बाद खुले वाहन में उनका स्वागत जुलूस निकाला गया। ढोल-नगाड़ों, डीजे और जयघोष के बीच नगरवासियों ने जगह-जगह पलक पांवड़े बिछाकर और पुष्प वर्षा कर स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। ट्रेन से उतरकर नगर में प्रवेश करते ही प्राची चौहान ने विभिन्न चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और देश के महापुरुषों बलिदानियों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए यह संदेश समाज को दिया कि योग्यता से बढ़कर महापुरुषों का बलिदान वंदनीय है। स्टेशन से प्राची का स्वागत का क्रम शुरू हुआ जो सुभाष चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड होते हुए तिरंगा चौक होते हुए ग्राम जोहद के लिए रवाना हुआ। बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला के पास रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट और रघुकुल युवा परिषद द्वारा शॉल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर विधायक हरीसिंह रघुवंशी, ट्रस्ट अध्यक्ष रामकृष्ण सिंह रघुवंशी राजखेड़ा सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने प्राची को सम्मानित किया।

नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित ने भी विद्यालय परिवार के साथ उनका अभिवादन कर सम्मान किया। नगर से जाते समय रास्ते में तथा ग्राम गुरोद में ग्रामीणों ने भी उनका भव्य स्वागत किया और फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। वहीं सतीश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर बासौदा व्यापार महासंघ के संरक्षक अनिल अग्रवाल, महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, सुरेश तनवानी, महासंघ के कोषाध्यक्ष अशोक जैन, देवराज राजपूत, एडवोकेट आकाश माहेश्वरी, धनश्याम गुप्ता, अमित जैन, अमित दुबे पटटू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कभी थी संकोची छात्रा, आज आत्मविश्वास से भरी अफसर

गंजबासौदा। प्राची के स्वागत का काफिला जब नगर से होते हुए उनके गांव जोहद पहुंचा तो सबसे पहले प्राची उस स्कूल में पहुंची जहां से उसे अपनी मंजिल का रास्ता मिला था। वाहन से उतरकर सबसे पहले उन्होंने विद्यालय में प्रवेश करते ही शिक्षा के मंदिर की दहलीज पर सिर रखकर प्रणाम किया। अपने स्कूल की सहपाठी और बड़ी दीदी के स्वागत इंतजार में बैठे विद्यालय के विद्यार्थियों ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। स्कूल में स्वागत के दौरान वह दृश्य भी अकल्पनीय बन गया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जोहद के प्राचार्य राकेश सेन, उप प्राचार्य तृप्ति अग्रवाल एवं शिक्षिका ममता उपाध्याय उन्हें ससम्मान प्राचार्य कक्ष में लेकर पहुंचीं। यही वह कक्ष था, जहां कभी प्राची चौहान एक संकोची छात्रा के रूप में अपनी शंकाओं के समाधान के लिए पहुंचती थीं और प्राचार्य के सामने बैठने में भी संकोच करती थीं। लेकिन वर्षों बाद वही प्राची सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होकर जब अपने विद्यालय पहुंचीं, तो प्राचार्य सहित समस्त विद्यालय ने गर्व और स्नेह के साथ उनका स्वागत किया। प्राचार्य ने प्रशासनिक गरिमा और पद को ध्यान में रखते हुए अपने से बड़े एक अफसर को सम्मानपूर्वक अपनी कुर्सी पर बैठने का आग्रह किया। संस्कारों से भरी प्राची ने हाथ जोड़कर कई बार विनम्रता से कुर्सी पर बैठने मना किया, लेकिन प्राचार्य के आग्रह पर कुछ क्षण के लिए वह कुर्सी पर बैठीं। उस समय कक्ष में मौजूद सभी लोगों के सामने एक ही स्थान की दो तस्वीरें मानो एक साथ जीवंत हो उठीं थीं, कभी संकोची छात्रा और आज आत्मविश्वास से भरी एक अफसर। गांव के उस साधारण से विद्यालय ने इस दृश्य में यह सच्चाई फिर साबित कर दी कि बड़े सपनों की शुरुआत अकसर छोटी कक्षाओं से ही होती है। यहां उल्लेखनीय है कि प्राची अपने परिवार में तीन बहन और एक भाई हैं। सभी ने गांव के ही स्कूल से पढाई की है। प्राची की बहन पीहू अब पोस्ट आफिस में कार्यरत हैं तो वहीं दूसरी बहन राधिका और भाई शिव अभी इसी स्कूल में अध्ययनरत हैं।

# ब्लड बैंक की स्थापना को लेकर रक्त सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय नवीन अस्पताल भवन में ब्लड बैंक की स्थापना हेतु एवं ब्लड स्टोरेज पुनः सुचारू रूप से वर्तमान अस्पताल में चलाने की मांग को लेकर सोमवार को रक्त सेवा समिति संस्थापक राजेश तिवारी के नेतृत्व में समिति सदस्यों एवं महिला विंग की सदस्याओं द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम अनुभा जैन को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि रक्त सेवा समिति 25 वर्षों से रक्तदान की प्रेरणा हेतु जन जागरण का कार्य कर रही है। जिसके परिणाम स्वरुप हजारों रक्तदाता बासौदा सहित विदिशा, भोपाल एवं अन्य शहरों में जाकर रक्तदान करते हैं। नगर की जनसंख्या निरंतर बढ रही है और चिकित्सालय का भी नवीन भवन बन गया है। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने मांग की है कि नगर के नवीन चिकित्सालय भवन में ब्लड बैंक की स्थापना की जाए और नगर के पुराने चिकित्सालय में ब्लड स्टोरेज पुनः सुचारू रूप से संचालित किया जाए। इस अवसर पर रक्त सेवा समिति के अनेक सदस्यगण मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि रक्त सेवा समिति पिछले कई वर्षों से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रक्त परीक्षण शिविर आयोजित करती आ रही है। रक्तदाताओं के ब्लड ग्रुप सहित उनके नाम, मोबाइल नंबर की एक विस्तृत सूची भी समिति के पास उपलब्ध है और साथ ही समिति द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों को रक्तदान कराकर कई मरीजों की मदद की जा चुकी है।

### भारत की जीत पर जमकर चली आतिशबाजी, होली पर दिखा दीवाली का नजारा



**गंजबासौदा।** रविवार की रात टी 20 वर्ल्ड कप फायनल मुकाबले में जैसे ही भारतीय टीम ने फायनल मैच जीता वैसे ही नगर में जश्न शुरू हो गया और देर रात तक लोग आतिशबाजी करते हुए और रंग गुलाल उडाते हुए जीत का जश्न मनाते रहे। रात में खेल प्रेमियों ने ऐसी आतिशबाजी की कि होली रंगपंचमी की रात नगर में दीपावली जैसा नजारा देखने को मिला। भारतीय टीम की जीत से उत्साहित युवाओं, बच्चों, महिलाओं ने भी फुलझडी, पटाखे, बम, अनार, चकरी आदि चलाकर अपनी खुशी जाहिर की। वहीं कुछ उत्साही युवाओं ने रंग गुलाल भी जमकर उडाया और गुलाल के बीच पटाखे एवं बम रखकर भी चलाए,जिससे रंग गुलाल की बौछार सी होने लगी।

# पीने के पानी की किल्लत पर हम्मालों ने रोका काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन कृषि उपज मंडी में सोमवार को हम्मालों ने पीने के पानी की किल्लत को लेकर मोर्चा खोल दिया। पानी न मिलने से नाराज हम्मालों ने करीब आधे घंटे तक काम बंद रखा और विरोध प्रदर्शन किया। इस समस्या के कारण मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हम्मालों का कहना है कि मंडी प्रशासन ने पानी के लिए नलकूप लगवाकर टोटियां तो लगवाई थीं, लेकिन पिछले एक हफ्ते से उनमें बूंद भर पानी नहीं आया है। गर्मी के बीच पानी न मिलने से मजदूरों और किसानों को बाहर भटकना पड़ रहा है। इसी अव्यवस्था से गुस्साए हम्मालों ने काम रोककर अपनी नाराजगी जाहिर की। वहीं भीषण गर्मी में उपज लेकर मंडी में आ रहे किसानों को भी पानी के लिए परेशान होना पड रहा है और उन्हें पेयजल आपूर्ति के लिए मंडी के बाहर होटलों एवं दुकानों पर निर्भर रहना पड रहा है।

इस संबंध में मंडी सचिव सोहनलाल ने बताया कि मंडी क्षेत्र में बोरवेल सफल नहीं हो पा रहे हैं। केवल एक नलकूप कामयाब हुआ था, जिसकी मोटर चार दिन पहले जल गई थी। मोटर सुधारकर जब दोबारा डाली गई, तो पानी के साथ कीचड़ निकलने लगा और मोटर फिर से खराब हो गई। इसी तकनीकी दिक्कत की वजह से पिछले चार दिनों से सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। प्रशासन ने दावा किया है कि पानी की किल्लत दूर करने के लिए मंडी परिसर में चार टैंकर खड़े करवाए गए हैं। साथ ही मंडी ऑफिस में भी पानी के इंतजाम किए गए हैं। सचिव ने भरोसा दिलाया है कि अब नलकूप में एकदम नई मोटर डाली जाएगी, जिसके बाद पानी की सप्लाई पहले की तरह सुचारू हो जाएगी। तब तक टैंकरों के माध्यम से पेयजल की जरूरत पूरी करने की कोशिश की जा रही है।

## मानस साधक सरयू शरण मिश्र की स्मृति में हुआ आयोजन

# रामायण पाठ, अखंड कीर्तन के बाद हुआ भण्डारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रामनाम में रमा हुआ जीवन जब विराम लेता है तो उसकी स्मृति भी भक्ति का उत्सव बन जाती है। समीपस्थ ग्राम करौंदा कला के गौसेवक, मानस उपासक और रामदास चरण पादुका मंदिर के पुजारी रहे सरयू शरण मिश्र के विगत दिनों साकेतवासी होने पर उनकी स्मृति में सोमवार को आयोजित हुए विशाल भंडारे में गांव और जिले भर से श्रद्धालु उमड़ पड़े। उनकी स्मृति में आयोजित हुए दो दिवसीय रामायण पाठ और अखंड कीर्तन के समापन पर आयोजित भंडारे में संतजन, जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग जुटे और रामनाम के इस साधक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि करीब 95 वर्षीय सरयू शरण मिश्र ग्राम करौंदा कला के निवासी थे। रामचरितमानस में उनकी अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ-साथ संत सेवा में अकल्पनीय लगन थी। सोमवार को उनकी पावन स्मृति में आयोजित दो दिवसीय रामायण पाठ और अखंड कीर्तन का समापन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज, आचार्य पंडित केशव शास्त्री, तीरथ प्रताप सिंह दरबार, सुरेश शर्मा सहित जिले भर के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा में विधायक रघुवंशी ने कहा कि रामनाम में रमे साधक भले ही देह से विदा हो जाएं, लेकिन उनकी साधना और संस्कार समाज की स्मृति में सदैव जीवित रहते हैं। स्वर्गीय सरयू शरण मिश्र रामचरितमानस के गहरे अध्येता और साधक माने जाते थे। वर्षों तक उन्होंने रामायण का नियमित पाठ किया और मानस से जुड़े जिज्ञासुओं की शंकाओं का समाधान करते रहे। रामचरितमानस पर उनका चिंतन और व्याख्या जिले भर में चर्चित थी और अनेक श्रद्धालु उनके ज्ञान और साधना के कायल थे। उनका पूरा जीवन रामनाम की साधना, गौसेवा, संतसेवा और समाज में सद्भाव के प्रसार को समर्पित रहा। रामदास चरणपादुका मंदिर में वर्षों तक सेवा करते हुए उन्होंने भक्ति और सरलता का आदर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उनके पुत्र त्रिलोकी शरण मिश्र, हरिशंकर मिश्र, नाती ब्रजेश मिश्र, सीताशरण मिश्र और विकास मिश्र सहित परिवारजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही उनके भाइयों और परिजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

# रसूलपुर छात्रावास में एचपीवी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गंज बासौदा।** गत दिवस नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास, रसूलपुर में छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को एचपीवी संक्रमण और उससे बचाव के लिए उपलब्ध टीकाकरण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा छात्राओं को एचपीवी वायरस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी ने छात्राओं एवं छात्रावास प्रबंधन को बताया कि यह वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है, जिससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। छात्राओं को यह भी बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह भविष्य में होने वाले संक्रमण के खतरे को कम करने में सहायक है। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ पिछले दिनों पूरे देश में किया गया है। इस अभियान के माध्यम से शासकीय अस्पतालों में यह टीका निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। इस टीकाकरण के पूर्व किशोरियों के अभिभावकों की सहमति भी ली जा रही है। जन-जागरूकता सत्र में छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सरल और संतोषजनक तरीके से उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें तथा एचपीवी टीकाकरण के बारे में अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जानकारी दें। इस अवसर पर बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी, छात्रावास प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 11 मार्च को होगा ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी एवं रोजगार मेले का उद्घाटन

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। 11 मार्च को ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी विशेष रूप से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां चल रही हैं। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक व्यवस्था कोलेकर विशेष निर्देश दिए ताकि लोगों को कोई भी असुविधा न हो। साथ ही लोगों के आने के लिए मुख्यद्वार देखते हुए उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण किया, पार्किंग व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की लोगों को असुविधा न हो इस प्रकार कि पार्किंग व्यवस्था की जाये। खासतौर से उद्घाटन सत्र में आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा वरदान साबित होगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सागर में ही उपलब्ध हो सकेगी। साथ प्रतिवर्ष रोजगार मेले एवं प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं का रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होंगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगें। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में इस शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, जिसे देखते हुए बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर शासकीय अधिकारियों के साथ ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एसडीएम अमन मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंत्री राजपूत ने ली बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और इसमें जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बैठक में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं, स्वागत, यातायात व्यवस्था, मंच संचालन और अन्य तैयारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।मंत्री राजपूत ने सभी से आग्रह किया कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

### नोएडा में हुआ आदर्श का सम्मान

# सिरोंज के युवा आदर्श जैन ने उत्तीर्ण की 5 गर्वमेंट बैंकों की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज की माठी के सपूत आदर्श जैन ने आईबीपीएस पीओ, आरआरबी पीओ, एसबीआई क्लर्क, आईबीपी एस क्लर्क, एलआईसी मेन्स 5 गवमेंट बैंक का इग्जाम क्लियर कर एक बडी उपलब्धि प्राप्त की।

इस अवसर पर नोएडा में सम्मान समारोह आयोजित कर आदर्श जैन का सम्मान किया गया। आदर्श जैन ने पीओपी पोस्ट पर आवेदन किया था जिस पर उन्होने एक अच्छी सफलता अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की। तो वही सिरोंज जैन समाज व अन्य मित्र गणों ने उनका सम्मान किया। स्थानीय शिक्षाविद राजेश जैन भूपत के पुत्र आदर्श जैन ने अपने परिवार का नाम रौशन करते हुए अपने पिता की नीतियो पर चलते हुए इस क्षेत्र में सतत प्रयास किया। वही आदर्श जैन की बहन ने भी पिछले वर्ष सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह वर्तमान में पूणे में कार्यरत है और शिक्षाविद राजेश जैन भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी लंबे समय से जुडे होने के साथ धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों में अपनी अहम भूमिका निभाते आए है और उन्होने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। राजेश जैन के पास जब भी कोई गरीब छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए पहुचतें है तो वह उन छात्रों को निशुल्क अध्ययन कराते है। कई छात्र प्रतियोगिता परीक्षा में जब हिस्सा लेते है तो राजेश जैन उन्हे हमेशा मदद करते है। वही उनका कहना रहा कि यदि छात्र-छात्राएं परिश्रम करके वह चुनौती के रूप में यह सोच ले कि हमें उक्त परीक्षा पास करना है तो ऐसी कोई परीक्षा नही है जो छात्र उत्तीर्ण न कर सकें। हमारे सिरोंज का गौरव रहा है कि सिरोंज के युवाओं ने अपने अपने क्षेत्र में अध्ययन करकर देश की बडी बडी शासकीय सेवाओं में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर अपनी सेवाएं दे रहें है। हम भी गौरंवित होते है कि हमारे क्षेत्र का शिक्षा का स्तर काफी अच्छा व सुंदर है। वही आदर्श जैन कहते है कि मेरे पिता राजेश जैन एंव माता ज्योति जैन व बहन आशी जैन की प्रेणा से मुझे आज 5 बैंक की परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई। साथ ही इस क्षेत्रवासियो व जैन समाज का भी काफी स्नेह व प्रेम प्राप्त हुआ जो कि मुझे व मेरे परिवार को हमेशा मिलता रहा है।





# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजन का सेक्टर देवपुर नवांकुर संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति सिरोंज द्वारा ग्राम झंडवा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सिंह दांगी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी एवं नवांकुर संस्था प्रभारी रामचरण कुर्मी सहित समिति सदस्य ग्राम खना खेड़ी ग्राम सब्दलपुर, पिपलिया, झंडवा, जैतपुर, अबुआधाना द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम का परिचय जन अभियान की अवधारणा विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी द्वारा रखा गया। तो वही कार्यक्रम में दस्तावेजीकरण एवं नेतृत्व विकास के सत्र आयोजित किए गए जिसमें कार्यक्रम का आभार नवांकुर संस्था प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### आईजा संभाग अध्यक्ष सौरभ ने भाजपा विधायक अनिल जैन से की मुलाकात



**सिरोंज।** आईजा भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन ने भाजपा विधायक व जैन समाज के गौरव अनिल जैन से मुलाकात की। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन ने आईजा की विभिन्न गतिविधियो को लेकर विधायक श्री जैन से विशेष चर्चा की। साथ ही सिरोंज जिनोदय तीर्थ क्षेत्र के लिए उन्हे आमंत्रित किया। वही सौरभ जैन ने बताया कि मुनि श्री सुधा सागर महाराज के सांदिध्य में आईजा द्वारा विधायक अनिल जैन का सम्मान किया जाएगा।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत दोनों बाइक चालक हुए घायल

**सिरोंज।** सोमवार को ग्राम भौरिया के समीप दो बाइको की आमने सामने भिडत हो गई। वही हादसे में दोनो बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने घायलो को उठाकर सड़क किनारे बिठाया और एंबुलेंस को फोन किया। लेकिन काफी समय बाद भी एंबुलेंस नही पहुची।

इसी बीच मुगलसराय से सिरोंज लौटे रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रंशात पालीवाल ने ग्राम भौरिया रोड पर भीड़ देखी तो वह अपनी कार से उतरे और हादसे में घायल दोनो बाइक चालको को अपनी कार में बैठाकर उपचार हेतु अस्पताल के लिए रवाना हुए। वही भाजपा नेता प्रशांत पालीवाल ने बताया कि वह मुगलसराय से सिरोंज आ रहे थे तभी मैने देखा कि रास्ते में एक्सीडेंट हो गया है तो में रूका और जब ग्रामीणो से चर्चा की तो उन्होने बताया कि काफी देर पहले एंबुलेंस को फोन किया है लेकिन एंबुलेंस अभी तक नही आई। वही घायलो की हालत को गंभीर देखते हुए मैने उन्हे अपनी कार में बैठाया और सिरोंज अस्पताल के लिए रवाना हुआ। वही ग्राम पामाखेडी पर एंबुलेंस को आता देख मैने उक्त एंबुलेंस को रूकवाकर घायलो को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुचाया गया।



# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद जूनियर डॉक्टर्स ने खत्म की हड़ताल, किया मरीजों का इलाज

### स्टाइपेंड ऑर्डर जारी करने की मांग को लेकर थी हड़ताल



**विदिशा।** हड़ताल खत्म कर जूनियर डॉक्टर्स ने किया मरीजों का इलाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में स्टाइपेंड से संबंधित लंबित आदेश जारी करने की मांग को लेकर चल रही जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) की प्रदेशव्यापी हड़ताल फिलहाल समाप्त कर दी गई है। यह निर्णय प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के आश्वासन के बाद लिया गया।

जूडा विदिशा के अध्यक्ष एवं जूडा मप्र के प्रदेश महासचिव डॉ. विमल मेहरा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई बैठक में स्टाइपेंड से संबंधित लंबित आदेश जल्द जारी करने का भरोसा दिया गया है। इसके अलावा जूडा मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की आयुक्त, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ भी बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों ने भी शीघ्र आदेश जारी करने की बात कही है।

### 16 मार्च तक के लिए स्थगित की है हड़ताल

डॉ. मेहरा ने बताया कि मंत्री के आश्वासन का सम्मान करते हुए जूडा ने अपने विरोध कार्यक्रमों को फिलहाल अगले सोमवार 16 मार्च तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सार्थक बातचीत का सकारात्मक परिणाम जल्द सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जूडा विदिशा के सभी जूनियर डॉक्टर मरीजों की सेवा और उनके कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। यदि निर्धारित समय तक स्टाइपेंड संबंधी आदेश जारी नहीं होता है तो जूडा को पुनः हड़ताल का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

### भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर जश्न:

**विदिशा।** टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के बाद देशभर की तरह विदिशा में भी जोरदार जश्न मनाया गया। मैच को लेकर शहर में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। बंटी नगर, डंडापुरा, बायपास रोड और मुखर्जी नगर सहित कई इलाकों में बड़ी टीवी स्क्रीन और प्रोजेक्टर लगाए गए थे, जहां क्रिकेट प्रेमियों ने सामूहिक रूप से मैच देखा। लोग परिवार और दोस्तों के साथ भारत की जीत के लिए प्रार्थना करते नजर आए। भारतीय बल्लेबाजों के चौके-छक्के लगाने पर दर्शकों ने पटाखे फोड़कर खुशी जताई। मैच के रोमांच के कारण शहर के कई बाजार भी सूने नजर आए, क्योंकि अधिकतर लोग अपने घरों या सार्वजनिक स्क्रीन के सामने मैच देखने में व्यस्त थे।

### शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण के लिए शिविरों पर असमंजस

**विदिशा।** प्रदेशभर में शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण हेतु 9 मार्च से 18 मार्च तक जिला एवं संभाग स्तर पर परिवेदना निवारण शिविर आयोजित किए जाने हैं। हालांकि जिले में अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना या आदेश जारी नहीं हुआ है। न तो शिविर के स्थान और तिथियां घोषित की गई हैं और न ही इसका प्रचार-प्रसार किया गया है। इससे शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षकों का कहना है कि वेतन, एरियर, पदोन्नति सहित कई मामले लंबित हैं, लेकिन समाधान के प्रति अधिकारियों की रुचि नजर नहीं आ रही।

### जोर लगाकर हईशा...



**विदिशा।** महिला दिवस के अवसर पर जिला खेल स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र एवं खेल विभाग कल्याण विभाग द्वारा रस्साकसी सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर देवपुर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण नवांकुर संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति सिरोंज द्वारा ग्राम झंडवा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह दांगी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### महिला दिवस पर मातृशक्ति का सम्मान

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्योति शाह, विशिष्ट अतिथि मंजरी जैन और विशेष अतिथि हेमलता परिहार रहीं। मंजरी जैन ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में लता चौहान, विमलेश त्रिवेदी, अनीता यादव सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कायस्थ समाज के होली मिलन समारोह में फाग गीतों पर झूमे लोग, महिला शक्ति का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चित्रगुप्त मंदिर शेरपुरा में कायस्थ सभा द्वारा होली मिलन समारोह एवं महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और रंग-गुलाल के साथ होली की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान भजन गायक ऋषि श्रीवास्तव ने फाग, भजन और होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके गीतों पर उपस्थित समाज बंधु, मातृ शक्ति, युवा और बच्चे जमकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर पुष्प वर्षा, अबीर-गुलाल के साथ होली खेली गई। राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी भक्तिमय व आनंदमय बना दिया।

महिला दिवस के अवसर पर समाज की मातृ शक्ति का विशेष सम्मान किया गया। महिलाओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नारी सम्मान पर आधारित भजन और कविताओं का गायन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को स्वल्पाहार और ठंडाई वितरित की गई। समारोह के समापन पर सभा के अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद की बैठक सम्पन्न ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पुरातत्व एवं पर्यटन, संस्कृति परिषद विभाग की जिला स्तरीय बैठक बेतवा हॉल में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में जिले की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से ग्यारसपुर क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने और वहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान समिति के सदस्य एवं पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह रघुवंशी ने ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहरों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया। उन्होंने बताया कि ग्यारसपुर में अनेक प्राचीन मंदिर, स्मारक और ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं, लेकिन यहां आने वाले पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, लाइटिंग और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने की मांग रखी।

### गर्भवती और धात्री महिलाओं को भी योजनाओं से जोड़ा गया

# कलेक्टर के प्रयास से ईंट भट्ठों पर रहने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी से जोड़ने का नवाचार सफल, 49 बच्चे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूर परिवारों के बच्चों को आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ने के लिए चलाया गया विशेष अभियान सफल साबित हो रहा है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों की टीम ने ईंट भट्ठों पर पहुंचकर वहां रहने वाले परिवारों और बच्चों की पहचान कर उनका पंजीयन किया। विकासखंड स्तर पर हुए सर्वे के अनुसार जिले के 49 ईंट भट्ठों पर परिवारों को आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ा गया। इनमें विदिशा में 2, गंजबासौदा में 35, सिरोंज में 10 और लटेरी में 2 ईंट भट्ठे शामिल हैं। अभियान के दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया।

सुनपुरा गांव के एक ईंट भट्ठे पर 3 बच्चों का नया पंजीयन कर उन्हें पोषण, टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं से जोड़ा गया। इस पहल से मजदूर परिवारों में बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है।



खबर संक्षेप

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी में लगी आग, एक घायल



**सलामतपुर।** सांची विदिशा बाईपास के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक सड़क हादसा हो गया। विदिशा से भोपाल की ओर जा रहे 68 वर्षीय राजेंद्र माहेश्वरी निवासी विदिशा को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजेंद्र माहेश्वरी स्कूटी से गिरकर घायल हो गए, जबकि उनकी स्कूटी में आग लग गई और देखते ही देखते स्कूटी धू-धू कर जलने लगी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया और घायल को उपचार के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस मौके पर पहुंची और आयशर ट्रक यूपी80 एफटी 0564 को जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कक्षा तीसरी, चौथी, 6वीं व 7वीं की परीक्षाएं प्रारंभ



**दीवानगंज।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में सोमवार से कक्षा तीसरी, चौथी, छठवीं और सातवीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन सुबह से ही विद्यालयों में विद्यार्थियों की हलचल देखने को मिली और छात्र-छात्राएं समय पर स्कूल पहुंचकर परीक्षा में शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। शिक्षकों की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे नकल पर रोक लगाई जा सके।

## फिर शुरु हुआ विवाह और बारातों का दौर

**बरेली।** होलिकाष्टक समाप्त होने और चैत्र की नवरात्रि से नया संवद वर्ष शुरु होने से पूर्व एक बार फिर विवाह, बारातों का दौर शुरु हो गया है। एक-एक दिन में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अनेक विवाह लग्न होने से सम्मिलित होने से सभी कार्य छोड़ भागदोड़ की स्थिति बन रही है। 7-8 मार्च से विवाह, बारातों का नया दौर शुरु हुआ तो मार्च, अप्रैल में अक्षय तृतीया पर विवाह, बारातों के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में सेंकड़ों जोड़ों के एक साथ विवाह भी होंगे। जिस भारी संख्या में होली रंगपंचमी बाद विवाहों, बारातों की स्थिति बन रही है। उससे मैरिज गार्डन फुल होने और आने वाले दिनों में स्वरूचि भोज कार्यक्रमों की अधिकता और बेंडबाजों डीजे का शोर बढ़ जाएगा। विवाह, बारातों का दौर शुरु होते ही नगर के बाजारों में भीड़भाड़ बढ़ गई है। सोने-चाँदी के जेवर मनीहारी, जनरल स्टोर, कपड़ों, किरानों की दुकानों पर सामान खरीदने भीड़ लगी रही।

### जिले के विभिन्न हिन्दू संगठनों ने रमजान में किले पर चलने वाली तोप को बंद करने सौंपा ज्ञापन

# हिन्दू संगठनों ने कहा - तोप से ऐतिहासिक किले को हो रहा नुकसान, इसे तत्काल बंद किया जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन के ऐतिहासिक किला पहाड़ी पर तोप चलाने की परंपरा को लेकर जारी विवाद के बीच सोमवार को सकल हिन्दू संगठनों द्वारा जिला प्रशासन को 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सकल हिन्दू संगठन रामपुर मंदिर परिसर से एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवैध तरीके से रमजान के महीने में तोप चलाने पर रोक लगाने की मांग की तथा तोप चलाते समय सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले वीडियो में दिख रहे सभी युवकों पर एनएसए की कार्रवाई की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिन्दू उत्सव समिति एवं शिवसेना सहित सकल हिन्दू समाज के लोगों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को रामपुर मंदिर से पैदल मार्च निकालकर रमजान के महीने में किला पहाड़ी से चलने वाली तोप को अवैध बताते हुए उसे बंद करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रायसेन का प्राचीन किला पुरातत्व विभाग के अधीनस्त है तथा राष्ट्रीय धरोहर है। वहां तोप चलाना हमारी धरोहर को नुकसान पहुंचा रहा है, वहीं जहां से तोप चलती है, वह रहवासी इलाका है। तोप चलने से जान, माल को हानि हो सकती है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तोप चलाने की यह परंपरा नबावी शासन काल से प्रारंभ हुई है, जिसका कोई धार्मिक महत्व नहीं है। समय काल परिस्थिति अनुरूप अब इसे बंद कर देना चाहिए। क्योंकि अब इसके चलने से एक ओर धरोहर को नुकसान हो रहा है, वहीं लोगों को जान का खतरा बना रहता है तथा उसके चलने से होने वाले प्रदूषण से बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसे जनहित में देखते हुए तुरंत बंद करने की कार्रवाई की जाए।

किला पहाड़ी पर तोप चलाते समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो में दिख रहे सभी युवकों पर एनएसए की कार्रवाई की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष नरेश वाल्यान और बजरंग दल के बद्री प्रसाद पाराशर रवि चक्रवर्ती सहित समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा पहले ही कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि 7 से 8 लोगों द्वारा यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया है। जिससे देशविरोधी संदेश फैलाने का प्रयास किया गया।

संगठनों ने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियां विशेष रूप से हिंदू त्योहारों के समय सामाजिक सद्भावना को प्रभावित करने की कोशिश करती हैं। ऐसे में प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाने चाहिए। विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति बना सकता है।

इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांतीय संगठन मंत्री लोकचंद मालवीय, विहिप के जिलाध्यक्ष नरेश वाल्यान, बजरंग दल के जिला संयोजक बद्री प्रसाद पाराशर, हिन्दू उत्सव समिति के जिला अध्यक्ष रवि खत्री, शिवसेना जिलाध्यक्ष बाबूलाल चक्रवर्ति, राजेश पंथी, राहुल परमार, बाबा मणीदास महाराज सहित समस्त हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### » सकल हिन्दू संगठनों ने रामपुर मंदिर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन

### » तोप चलाते समय वायरल वीडियो में दिख रहे युवकों पर एनएसए कार्रवाई की मांग

### ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें

- वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।
- देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाए।
- रायसेन किले के संरक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रही तोप पर तत्काल रोक लगाई जाए।



### प्राप्त आपत्ति की हम जांच कर करेंगे कार्रवाई

तोप चलाने की परंपरा बहुत पुरानी है, इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा पुरातत्व विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग से अनापत्ति चाही गई थी, परन्तु इस विभागों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। जिला प्रशासन ने परंपरा को देखते हुए अस्थाई लायसेंस जारी किए थे, अब हमारे पास आपत्ति आई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं विधि अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।
- **मनीष शर्मा**, एसडीएम, रायसेन

### मामले में हम संज्ञान ले रहे हैं



एनजीओ द्वारा मेरे संज्ञान में आया है कि ऐतिहासिक धरोहर पर रमजान के महीने में तोप चलाई जाती है, जो कि रहवासी इलाके में चलाना सरासर गलत है। इसका जिला प्रशासन द्वारा लायसेंस भी दिया जाता है जोकि हास्यप्रद है। हम संज्ञान ले रहे है, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एवं जिला प्रशासन को नोटिस जारी कर रहे हैं।
- **प्रियंक कानूनगो**, सदस्य, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

### युवकों पर हो देशद्रोह की कार्रवाई



रायसेन किला राष्ट्रीय धरोहर है इस पर तोप चलाने से किला पहाड़ी को नुकसान पहुंच रहा है, जिसकी शिकायत हम कई बार प्रशासन से कर चुके है। इसे तत्काल बंद करना चाहिए तथा वायरल वीडियो में दिख रहे सभी युवकों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाना चाहिए।
- **वरुण खत्री**, युवा नेता।


लोगों की प्रतिक्रियाएं...

### तोप को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए



तोप चलाते समय वीडियो में दिख रहे सभी युवकों पर एनएसए की कार्रवाई की जाए तथा तोप को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए, ताकि जिले और शहर में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे।
- **नरेश वाल्यान**, जिलाध्यक्ष विहिप, रायसेन।

### यह हमारी धरोहर को नुकसान पहुंचा रहा है



तोप चलने की परंपरा नबावी दौर प्रारंभ हुई थी, इसका कोई धार्मिक महत्व नहीं है। समय काल परिस्थिति के अनुसार अब इसे बंद कर देना ही उचित है। यह हमारी धरोहर को नुकसान पहुंचा रहा है।
**रवि खत्री, अध्यक्ष, हिन्दू उत्सव समिति रायसेन**

### तोप चलाने से क्षतिग्रस्त हो रही है राष्ट्रीय धरोहर



प्राचीन किला हमारे शहर की शान है, तोप चलाने से वह हर साल क्षतिग्रस्त हो रहा है। इस पर जिला प्रशासन को विशेष रूप से ध्यान देकर कार्रवाई करना चाहिए।
- **राहुल परमार**, युवा नेता।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में महिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026'' के तहत 9 मार्च को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सागर में महिला सम्मान कार्यक्रम, मानव श्रृंखला निर्माण एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सुप्रीम प्राध्यापक अंजना चतुर्वेदी सहित महिला एवं बाल विकास सागर शहरी परियोजना की परियोजना अधिकारी रजनी बारोलिया, पर्यवेक्षक ममता निषाद, सुरभि मिश्रा, स्वाति राय एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर अंजना चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की शिक्षा एवं देश में उनके बढ़ते प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, पुलिस तथा प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान भी किया।परियोजना अधिकारी रजनी बारोलिया ने अपने संबोधन में महिलाओं को अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने, शिक्षा प्राप्त करने, पोषण पर ध्यान देने तथा मानसिक रूप से सशक्त बनने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की 50 उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति राय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रजनी बारोलिया द्वारा किया गया।

## होली हुड़दंग कवियों के संग के साथ टी20 विश्वकप का हुआ सीधा प्रसारण

### कवि मदन मोहन समर का समिति ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति के द्वारा 31वें वर्ष में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन होली का हुड़दंग कवियों के संग कार्यक्रम में रामलीला मैदान में आधी रात के बाद तक हास्य, व्यंग ,ओज, श्रृंगार की महफिल जमी रही। कार्यक्रम के दौरान ओज के कवि और रायसेन जिले को गौरवान्वित करने वाले पूर्व डीएसपी मदन मोहन समर का निराला समिति द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के दौरान मंच के बगल में टी-20 विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच देखने की बड़ी स्क्रीन पर व्यवस्था की गई थी दर्शक कवि सम्मेलन के साथ क्रिकेट मैच का भी आनंद उठाते रहे।

मां सरस्वती की भाजपा के वरिष्ठ नेता हरनाम सिंह राजपूत, संरक्षक सुरेश बिदुआ ,व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय, समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों द्वारा पूजन कर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरुआत की गई।अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रयागराज से पधारी प्रीति पाण्डेय द्वारा सरस्वती वंदना से शुरुआत की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ,उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत ,हरनाम सिंह राजपूत, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती की विशेष उपस्थिति रही।निराला समिति के संरक्षक सुरेश बिदुआ ,अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सचिव अवध नारायण सक्सेना, कवि प्रेम नारायण साहू, देवी जैन, नरेश जैन, सईद पठान, जे एस ठाकुर, भगवान दास राठी, अनूप जैन, राजेंद्र चौधरी, गोपाल वासल सहित अन्य सदस्यों द्वारा सभी आमंत्रित कवियों का पट्टीका पहना कर रंग गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया

रविवार की रात में रामलीला मैदान में विश्व कप क्रिकेट टी-20 मैच की शुरुआत होने और भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन का दर्शकों द्वारा भरपूर आनंद उठाया गया।

## राजस्व की वसूली में कमी पर बोले कलेक्टर- वसूली कार्य में लाएं तेजी

### टीएल बैठक : कलेक्टर ने की विभागों एवं सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने समय सीमा वाले विभागीय पत्रों, योजनाओं तथा सीएम हेल्पलाईन निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने 19 मार्च से शुरू हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दें।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, कृषि विभाग, पीएचई विभाग, पीडब्ल्यूडी, सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई।

### राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से राजस्व वसूली की जानकारी लेते हुए कहा कि गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, उदयपुरा, देवरी तथा बरेली में राजस्व वसूली बेहद कम है। साथ ही अन्य तहसीलों में भी प्रगति संतोष जनक नहीं है। प्राथमिकता से राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन तथा बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समयावधि में निराकरण कराने के भी निर्देश दिए।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुलगांव में कार्यक्रम हुआ आयोजित

## महिलाएं अपने आप को कमजोर और निर्बल न समझे वह खुद अपने आप में एक शक्ति है : शकुंतला दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा गुलगांव में महिला दिवस मनाया गया। जिसमें गांव की सभी महिला शक्ति ने बढ़-कर कर भाग लिया। महिला दिवस पर देवी मां के मंदिर पर महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया।

रायसेन सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी शकुंतला दीदी ने राजयोग ध्यान के माध्यम से अपने आप को कैसे सशक्त बनाएं इस पर कहा महिलाएं अपने आप को कमजोर और निर्बल ना समझे वह खुद अपने आप में एक शक्ति है जो पूरे परिवार में वह समाज में शक्ति निरंतर भरती ही रहती है। परिवार की जड़ महिला पर ही केंद्रित रहती है।

विदिशा से पधारी ब्रह्माकुमारी किरण वाला बहन जी ने माता बहनों को ज्ञान कराया। वह किस तरह चलते फिरते, गृह कार्य करते हम अपनी लगन और अपनी याद उसे एक निराकार परमपिता परमात्मा से कैसे जोड़े सकते हैं। इस पर ध्यान केंद्रित किया एवं माता बहनों को व्यस्त रहते हुए भी अपने आप को मजबूत बनाने अपने आप को संभालने के मंत्र दिए। सांची ब्रह्माकुमारी से सेवा केंद्र इंचार्ज बीके रीको भारती दीदी ने कहां की हम सिर्फ एक ही दिन क्यों महिला दिवस मनाए हमारे सभी दिन महिला दिवस ही है। क्योंकि महिलाओं के बिना माता बहनों के बिना घर परिवार यह संसार अधूरा है। क्योंकि इसकी चलाने की शक्ति सिर्फ मां शक्ति नहीं है। हम दुर्गा देवी से शक्ति मांगते हैं, लक्ष्मी जी से धन मांगते हैं सरस्वती जी से विद्या मांगते हैं।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं रही मौजूद--

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में कहा कि नारी ही शिव की शक्ति है इसीलिए हम उसे शिव शक्ति कहते हैं शिव की शक्ति नारी ही है और नारी को भी शक्ति शिव से ही मिलती है। दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं तो हम सभी माताए बहने अपने आप को शरीर न समझ आत्मा समझकर उसे निराकार परमपिता परमात्मा से शक्ति लेनी है। कार्यक्रम में आए ब्रह्मा कुमार राम जी भाई ने संस्था संस्था के उद्देश्य से अवगत कराया। वह सभी का सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सराठे जी ने सभी मुख्य अतिथियों का शाल श्रीफल वा माला से सम्मान किया।